**Business of the House**

**माननीय सभापति :** मैं के.सी. वेणुगोपाल जी, अखिलेश यादव जी और सभी दलों के नेताओं से अपील करना चाहता हूं । कल आपने एक विषय उठाया था कि आप चाहते हैं कि आपरेशन सिंदूर पर चर्चा हो । संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा था कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक है और स्पीकर साहब की अध्यक्षता में फैसला होगा ।

? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपने देखा कि बिजनेस एडवाजरी कमेटी में, जिसके लिए सदन को बाधित कर रहे थे, इस विषय पर 16 घंटे की चर्चा मंजूर हुई । यदि आप चाहते हैं कि एसआईआर के विषय पर ।

? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सदन में प्ले कार्ड एलाऊ नहीं हैं । सदन की मर्यादा आपसे ही है । सदन में स्पीकर साहब ने समय-समय पर कहा है कि इस तरह से प्ले कार्ड्स को डिसप्ले मत कीजिए । यह सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाता है । सदन आपका है, देश का सर्वोच्च सदन है । पूरे देश की जनता देख रही है । अखिलेश जी, बिजनेस एडवाजरी कमेटी में यह विषय आएगा और जिस विषय पर भी आप चर्चा चाहते हैं ।

? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैं सदन से आग्रह करूंगा, अमर जी, आप सभी लोगों को लेकर जाएं । मैं इस विषय पर रूलिंग दे दूंगा । औजला जी, आप अपनी सीटों पर जाएं । मैं अनुरोध कर रहा हूं कि सरकार आपके किसी भी विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है ।

? (व्यवधान)

**विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आप रूल के तहत जिस भी विषय पर अनुमति देंगे, हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं ।? (व्यवधान) हमने कल भी कहा था और आज भी कह रहे हैं । मैं इनसे अपील करता हूं कि ये अपनी सीटों पर जाएं ताकि चर्चा हो सके । यह महत्वपूर्ण चर्चा है ।? (व्यवधान)

सभापति जी, जिस भी विषय पर आप रूल के तहत अनुमति देंगे, उस विषय पर हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं ।? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैं सभी माननीय सदस्यों से अपील करता हूं, सभी दलों के नेताओं से अपील करता हूं कि यदि संसदीय कार्य मंत्री जी कह रहे हैं, जो भी विषय रूल के अंतर्गत बिजनेस एडवाइजरी कमेटी तय करेगी, जैसा आपने आपरेशन सिंदूर के विषय पर देखा है, इस विषय को भी आप ले आइए और सरकार हर विषय पर न केवल चर्चा करने के लिए तैयार है, बल्कि उस पर जवाब देने के लिए भी तैयार है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं आपसे आग्रह करता हूं । यह सदन आपका है । यह सदन देश की जनता द्वारा चुने गए जन-प्रतिनिधियों का है । जनता की आपसे कुछ अपेक्षाएं हैं । अभय जी, इस सदन में आप आए हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** जीरो ऑवर में इतने लोगों के बैलेट आए हैं । आपके जीरो ऑवर के महत्वपूर्ण सवाल हैं । क्वेश्चन ऑवर के सवाल भी हैं । आप सभी से आग्रह है कि आप सदन को ?जीरो ऑवर? में चलने दें । मैं सदन चलाना चाहता हूं । मैं आप सभी से अपील करता हूं कि मैं सदन को चलाना चाहता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं आप सभी से अपील करता हूं कि मैं सदन को चलाना चाहता हूं । You kindly cooperate. I am requesting all the hon. Members. The House should be in order. I will allow everybody in ?Zero Hour?.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** यह आपका समय है । आपका अवसर है । संसदीय कार्य मंत्री जी ने अभी कहा है कि हम सभी विषयों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं । आखिर आप क्या चाहते हैं? इस विषय पर यदि आप चर्चा चाहते हैं, तो इसका नियम है । आप प्लेकार्ड के बजाए लिखकर दीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप हाउस के मेंबर्स हैं । प्लेकार्ड दिखाने के बजाय आप चर्चा करें । You can submit your proposals according to the rules. It will be considered in the Business Advisory Committee.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** स्पीकर साहब समय देंगे । सरकार जवाब देगी । आपको किस बात की चिंता है? ऐसा करके आप क्या संदेश देना चाहते हैं? इस सदन में आप इस तरह के कार्ड्स डिस्प्ले कर रहे हैं । मैं निश्चित तौर पर आपसे कहता हूं, आपसे आग्रह करता हूं कि आप सदन को चलने दें । आप सदन को मजबूर कर रहे हैं कि हम सदन को स्थगित करें । मैं आपसे आज भी आग्रह कर रहा हूं कि मैं इस सदन को चलाना चाहता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** सभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>12.14 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : नहीं-नहीं, कृपया ऐसा मत कीजिए । Please be seated.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सदन के समय का उपयोग कीजिए । Please be seated.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सदन को चलने दीजिए । सदन का समय सबका है । आप सदन को चलने दीजिए । कृपया, आप लोग बैठिए । Please be seated.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपके सभी मुद्दों के ऊपर सदन में चर्चा होगी । सदन में पूरी चर्चा होगी । आपको पूरा मौका मिलेगा । Please be seated.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपके कारण सदन नहीं चल रहा है । Please be seated.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : सदन चलाने में सभी लोग मदद कीजिए । आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं । क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं? अगर आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं तो मैं सदन की कार्यवाही स्थगित कर देता हूँ ।

माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** मैं फिर से अपील करना चाहता हूँ ।? (व्यवधान) हमारे अपोजिशन पार्टीज के लीडर्स यहाँ मौजूद हैं ।? (व्यवधान) किसी भी विषय पर चर्चा का फाइनल निर्णय बीएसी में अभी पूरा फाइनल नहीं किया गया है ।? (व्यवधान) बीएसी में यह चर्चा हुई थी कि सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और उसका समय भी तय किया गया है ।? (व्यवधान) अब आप एक साथ सारे मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं ।? (व्यवधान) यह कैसे संभव हो सकता है? ? (व्यवधान) जबकि उन्होंने भी एग्री किया है, हम लोग टाइम भी फिक्स कर चुके हैं ।? (व्यवधान) किस नियम में चर्चा करनी है, यह फाइनल करना है ।? (व्यवधान) ये जो हर समय यहाँ तख्तियाँ लेकर नियम के विरूद्ध प्रदर्शन करते हैं, मैं उसका खंडन करता हूँ ।? (व्यवधान) यह निन्दनीय है ।? (व्यवधान)

महोदय, ये सब लोग मेरी बात सुन रहे हैं ।? (व्यवधान) बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में हम लोग बात करते हैं और सबने कहा है कि वे प्लेकार्ड लेकर सदन में नहीं आएंगे ।? (व्यवधान) इनके एमपीज द्वारा पोस्टर, बैनर लेकर सदन को इस तरीके से डिस्टर्ब करना बहुत आपत्तिजनक है ।? (व्यवधान) वे चर्चा माँग रहे हैं, हम चर्चा के लिए

तैयार हैं, लेकिन फिर ये सदन चलने नहीं देते हैं ।? (व्यवधान) यह डबल स्टैंडर्ड बिल्कुल गलत बात है ।? (व्यवधान) आप चर्चा करना चाहते हैं तो यह हंगामा मत कीजिए ।? (व्यवधान) सरकार ने बार-बार कहा है कि हम चर्चा करना चाहते हैं ।? (व्यवधान) फिर आप यह हंगामा क्यों कर रहे हैं?? (व्यवधान) इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? ?

(व्यवधान) देश की जनता के करोड़ों रुपये की टैक्स मनी को आप लोग हंगामा करके बर्बाद कर रहे हैं ।? (व्यवधान) इसका आपको जवाब देना पड़ेगा ।? (व्यवधान) हम लोग तैयारी करके आते हैं । ? (व्यवधान) हम बिजनेस लेकर आते हैं ।? (व्यवधान) हम लोग चर्चा के लिए तैयार हैं ।? (व्यवधान) आप लोग सदन का समय बर्बाद कर रहे हैं ।? (व्यवधान) कांग्रेस पार्टी और उनके कुछ साथी दो दिन से जो हंगामा कर रहे हैं, मैं इसका खंडन करना चाहता हूँ ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** देखिए, सदन के लिए यह एक अच्छी परम्परा नहीं है । आप लोग बार-बार प्लेकार्ड और पोस्टर्स लेकर आते हैं । सदन में बार-बार इस तरह की परिस्थिति का निर्माण करना, इस तरह का व्यवहार करना गणतंत्र के अच्छे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है । आप गणतंत्र को स्वस्थ रखिए, गणतंत्र में सम्मिलित रहिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय मंत्री जी ने कहा है कि हर विषय के ऊपर, हर मुद्दे के ऊपर चर्चा होगी, बी.ए.सी. की मीटिंग में यह तय हुआ है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अगर आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं, तो सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 23 जुलाई, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**14.05 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Wednesday, July 23, 2025/Sravana 1, 1947 (Saka).*

---

-